(11)

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्
JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD
T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400852/2400851/2400850(Fax), Web site : www.jspcb.org

पत्रांकः– PC/NOC/DUM/01/2017- B-190 रॉंची, दिनांकः– B 25/1/17

प्रेषक,

संजय कुमार सुमन
सदस्य सचिव

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
झारखण्ड सरकार, रॉंची

विषयः झारखण्ड़ राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् का एक सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में (1600 (2x800) MW Godda Thermal Power Project, At- Motia, Gangta, Gaighat and others adjacent villages, Godda and Poraiyahaat Tahsil, Distt.- Godda, Jharkhand by M/s Adani Power (Jharkhand) Limited) का पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई संबंधी।

महाशय,

उपयुर्क्त विषयक प्रसंग में इस पर्षद से संबंधित संलग्न सूचना को निम्नलिखित स्थानीय समाचार पत्रों में जो गोड्ड़ा जिला में पढ़ा जा सके, दर्शाये गये तिथि के अनुसार डी०ए०भी०पी० दर पर प्रकाशन कराया जाय।

1. दैनिक भास्कर, गोड्ड़ा संस्करण – एक दिन प्रकाशन तिथि **30.01.2017**

2. हिन्दुस्तान टाईम्स, दिल्ली एवं रॉंची राष्ट्रीय संस्करण – एक दिन प्रकाशन तिथि **30.01.2017**

कृपया दर्शाये गये तिथि को (प्रथम एवं अंतिम पृष्ट को छोड़कर) 10cm x12cm में उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन सुनिश्चित किया जाँय। विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात् विज्ञापित सामग्रियों की दो दो प्रति विपत्र के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करें। विज्ञापन का भुगतान डी०ए०भी०पी० दर पर किया जायेगा।

अनु0 यथोपरि।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(संजय कुमार सुमन)
सदस्य सचिव।

ज्ञापांकः– PC/NOC/DUM/01/2017- B-190 रॉंची, दिनांक 25/1/17

प्रतिलिपिः– लेखाशाखा, मुख्यालय रॉंची/वेवसाईट/श्री एन0 एच0 रिजवी, मुख्यालय, रॉंची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(संजय कुमार सुमन)
सदस्य सचिव।

(10)

झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्
JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD
T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400852/2400851/2400850(Fax), Web site : www.jspcb.org

लोक सुनवाई की सूचना

1600 (2x800) MW Godda Thermal Power Project, At- Motia, Gangta, Gaighat and others adjacent villages, Godda and Poraiyahaat Tahsil, Distt.- Godda, Jharkhand by M/s Adani Power (Jharkhand) Limited **का पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई** की तिथि सदस्य सचिव, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, राँची द्वारा दिनांक **05.03.2017 (दिन–रविवार)** को पूर्वाह्न **11.00** बजे **'At- Ground near Motia High School, Village Motia, P.O.- Motia, Bloack/Tehsil- Godda, Distt.- Godda, Jharkhand'** में निर्धारित की गई है।

उक्त योजना से सम्भावित प्रभाव से प्रभावित होने वाले लोगों/नागरिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सुनवाई में उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक रूप से भाग लें एवं अपने विचार से अवगत करायें। इसके अतिरिक्त वे अपना सुझाव, विचार, मंतव्य अथवा आपत्ति यदि हो तो लिखित रूप से सूचना उक्त लोक सुनवाई की तिथि से **एक सप्ताह के पूर्व** तक झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची/जिले के उपायुक्त कार्यालय, **गोड्डा/** पर्षद के **क्षेत्रीय कार्यालय,** झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टॉवर चौक, आश्रम रोड, पो0–दुधानी, **दुमका–814101** में उपलब्ध करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। लोक सुनवाई की प्रक्रिया पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की ई०आइ०ए० अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या एस0ओ03067(ई०) दिनांक 01.12.09 के अनुरूप होगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रोजेक्ट का ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तथा इसके सारांश की एक एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ रखी रहेगी। साथ ही कार्यकारी सारांश भी इन कार्यालयों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

1. उपायुक्त कार्यालय, **गोड्डा।**
2. जिला उद्योग केन्द्र, **गोड्डा।**
3. जिला पर्षद्/नगर निगम गोड्डा।
4. मुख्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद,, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची।
5. क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टॉवर चौक, आश्रम रोड, पो0–दुधानी, **दुमका–814101**
6. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, भारत सरकार, क्षेत्रीय कार्यालय, (राँची) बंगला न0 ए–2, श्यामली कॉलोनी, राँची–834002.
7. संबंधित पंचायत।
10. संबंधित प्रखण्ड विकास पदा०/अंचलाधिकारी कार्यालय।

(संजय कुमार सुमन)
सदस्य सचिव